## खबर संक्षेप

### सौंसर में 24 को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**सौंसर।** नगर के भवानी माता मंदिर परिसर में संगीत सदन की ओर से दीपोत्सव 2025 सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन शुक्रवार 24 अक्टूबर शाम 7 से बजे किया जा रहा है।आयोजन के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संगीत सदन सौसर की ओर से विगत वर्षों से यह कार्यक्रम किया जा रहा है।समिति अध्यक्ष मनोहर वाघ, उपाध्यक्ष संदीप बागडे, सचिवसचिन कलसकर ने बताया कि नगर की पौराणिक संगीत परंपरा को सजीवता प्रदान करने के उद्देश्य से दीपावली के शुभ अवसर सुरमयी संगीत संध्या दीपोत्सव 2025 का शुक्रवार 24 अक्टूबर को आयोजन होंगा। कार्यक्रम में आकाशवाणी की कलाकार गायिका विद्या बल्लोली बोरकर के द्वारा प्रस्तुतियों दी जाएगी। संगत में प्रसिद्ध बांसुरी वादक आदित्य बोडे, के साथ में गायक हर्षल खरे, पुंडलिक लांजेवार, निलेश सेलुकर, गायिका नीता बागड़े, सोनाली हर्षल खंडाईत, संदीप बागड़े, जितेंद्र पराये, विक्रम घाटोड़,ध्रुव कुरोठे जगदीश विश्वकर्मा शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप मेंजिला भाजपा अध्यक्ष संदिप मोहोड़, विधायक विजय चौरे, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,जामसावली मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मोगा हवेली नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे,पूर्व विधायक अजय चौरे, पूर्व नपा अध्यक्ष संजय राठी, उद्योगपति राधेश्याम सुधा,मोहन ताजने,आदि रहेंगे।

### कांग्रेस कार्यालय में सादगी से मनाई दिवाली

**परासिया ।** कांग्रेस परिवार ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में सादगी से लक्ष्मी पूजा कर प्यारे बच्चों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया । ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया , कि किडनी इनफेक्शन से क्षेत्र में 24 बच्चों की मौत होना बहुत दुखदाई है । क्षेत्र में शोक की लहर है । कांग्रेस द्वारा लगातार इस मामले में परिवार को और बच्चों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया जा रहा है । नगर कांग्रेस ने सबसे पहले ज्ञापन दिया अनशन धरना प्रदर्शन किया । कांग्रेस ने इस मामले को उठाया और सचेत किया किया कि मामला बड़ा है इस की जांच होना चाहिए और कार्यवाही की।

### सिंगोड़ी के ग्राम राजाखोहढाना का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

# हादसा: पेंच नदी में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी के समीप ग्राम राजाखोढाना निवासी के ऊपर दुखो का पहाड़ टूट गया। एक दिन पहले ही नागपुर से मजदूरी करके घर लौटा युवक की पेंच नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राजकुमार सरेयाम पिता ब्रजलाल सरेयाम उम्र 22 के रूप में हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है, जब राजकुमार अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था और वह अधिक गहराई में जाने से वह डूब गया और उसकी मौत हो गई। हालाकि वही साथ में भी अन्य युवक नदी में नहा रहे थे उक्त युवकों को आभास हुआ कि पानी में कोई डूबा है जिसकी सूचना आग की तरह क्षेत्र में फेल गई थी मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया।







### नदी में सुरक्षा के इंतजाम नहीं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेंच नदी में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। मचागोरा डेम के कारण नदी में अधिक पानी जामा है और लोग हाइवे एवं पुल की सुंदरता को लेकर यहां ज्यादा आना जाना करते है कुछ इस दौरान स्नान भी करते है।नदी में बने गहरे गड्ढों और तेज बहाव के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके अलावा, नदी में मूर्ति विसर्जन और अंत्येष्टि के लिए भी लोग आते हैं, जिससे खतरा और भी बढ़ जाता है।

### नगर निगम, पुलिस व जिला पंचायत छिन्दवाड़ा भी ए ग्रेड में

## सीएम हेल्पलाइन निराकरण में जिला प्रदेश के टॉप 10 में पुनः शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

राज्य स्तर से 21 अक्टूबर 2025 को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह सितंबर 2025 की ग्रेडिंग जारी की गई, जिसमें छिंदवाड़ा जिला पुनः ए ग्रेड के साथ प्रदेश के टॉप 10 जिलों में शामिल रहा है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के नेतृत्व में की गई सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप 80.03 प्रतिशत वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ जिले ने यह उपलब्धि फिर से हासिल की है।

कलेक्टर श्री नारायन द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की स्वयं नियमित समीक्षा की जाती है। उनके द्वारा विभागवार शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों की बैठक लेकर प्रकरणों की प्रगति पर नजर रखी जाती है और लापरवाही पर कार्रवाई भी की गई है।

सितंबर माह की रैंकिंग में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने 98.08 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ प्रदेश में 'ए' ग्रेड, छिंदवाड़ा पुलिस ने 86.85 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड तथा जिला पंचायत छिंदवाड़ा ने 82.63 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ प्रदेश में 'ए' ग्रेड में स्थान हासिल किया है।

कलेक्टर श्री नारायन ने पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी.राय सहित 'ए' ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के अधिकारियों एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रभारी अधिकारी श्री राहुल कुमार पटेल को बधाई दी है और आगे इसे बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बी और सी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों को स्थिति में सुधार करने, जबकि डी ग्रेड वाले विभागों को कड़ी मेहनत और समयबद्ध निराकरण के लिए सख्त हिदायत दी है।

## आदिवासियों को मिल रही श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं : सांसद



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा और 100 दिवसीय स्वास्थ्य और संकल्प जैसे कार्यक्रम समाज के कमजोर हर वर्गों और आदिवासी वर्ग तक सहायता पहुंचाने और दूरस्थ ग्रावों में बसे आदिवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। यही संदेश लेकर बिछुआ आदिवासी अंचल के दूरस्थ ग्राम खमारपानी में आयोजित 36 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने यह बात कही।

इस दौरान उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देश के लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मैंने भी जन सेवा को अपने जीवन का ध्येय बना लिया है। 100 दिन सेवा, संकल्प स्वास्थ्य के अभियान के तहत खमारपानी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर सांसद श्री साहू ने यहां इलाज कराने आए मरीजों से चर्चा कर डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों को उचित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला के तहत आयोजित इस शिविर में आए मरीजों से स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। उपस्थित जनसमुदाय को मोदी सरकार द्वारा की जा रही सेवा, सहयोग एवं समर्पण रूपी कार्यों से अवगत कराया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने यह बात कहा कि जिले में बने पूर्व सांसद सिर्फ हेलीकॉप्टरों, हवाई जहाजों और एशोआराम करने के लिए बने थे। उन्होंने सिर्फ जिलेवासियों का शोषण किया है। जिले की जनता ने उन्हें उच्च पदों पर आसीन किया, लेकिन उन्होंने जिलेवासियों को कुछ नही दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और सहयोग से मेरे ढेड़ वर्ष के कार्यकाल में ही छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा में करोड़ां के विकास कार्य स्वीकृत किये जाकर प्रारम्भ भी कर दिये गये है। भाजपा सरकार के सहयोग से दोनों जिलो में ट्रपल इंजन की सरकार काम कर रही है। विकास की यह रफ्तार आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# लक्ष्मी जी की पूजा और मिठाई बांटकर मनाई दिवाली

### जिले में दिखी दीपावली पर्व की धूम, सांसद और भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

शहर सहित जिले भर में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दीपावली पर्व पर लोगों ने लक्ष्मी जी की पूजा की और मिठाईयां बांटकर खुशियां मनाई। इसके अलावा बच्चों में पटाखों को लेकर उत्साह नजर आया। बच्चों ने जमकर पटाखे फोड़े और खुशियां मनाई। इस वर्ष दीपावली पर गेंदा फूल की बिक्री भी जमकर हुई। लोगों ने जमकर खरीददारी की ओर अपने घरों, प्रतिष्ठानों को फूलों से सजाया। इसके अलावा घरों घर आकर्षक लाइटिंग लगाई है जिससे पूरा शहर रोशनी से जगमगा गया। यह पर्व पांच दिनों तक मनाया जाता है। बुधवार को गोवर्धन पूजा भी की गई। लक्ष्मीनारायण मंदिर में महिलाओं ने गोवर्धन पूजा की। इसके अलावा अनगढ़ हनुमान मंदिर में भी बुधवार को पूजा अर्चना का दौर चलते रहा। गुरैया रोड स्थित शिवोम मंदिर में भी अन्नकूट का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके साथ ही महा प्रसाद का वितरण भी किया गया।

### सांसद ने प्रदेशाध्यक्ष से भेंट कर दी जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं



**छिन्दवाड़ा।** त्यौहारों पर एक दूसरे के घर जाकर मिलकर खुशियों को साझा करना हमारी भारतीय संस्कृति और परंपरा का परिचायक है। इसी परंपरा को कायम रखते हुये दीपावली के शुभ अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल से उनके बैतूल स्थित निवास स्थान पर मुलाकात करते हुये उन्होंने छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के निवासियों की और से उन्हे दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। इस दौरान सांसद श्री साहू ने प्रदेशाध्यक्ष श्री खण्डेलवाल से मुलाकात के अवसर पर छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में चल रहे विकास कार्यां और संगठन के संबंध में जानकारी दी। साथ ही उनसे दोनों जिलों में विकास को लेकर सहयोग की अपेक्षा की। जिस पर प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सांसद बंटी विवेक साहू को दोनों जिलों में हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार आधिनियम की दी जानकारी

**छिंदवाड़ा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार के प्रावधानों से अवगत कराने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन एवं डी पी ओ ब्रजेश शिवहरे के मार्ग दर्शन मे पंडित नेहरु हायर सेकेंडरी स्कूल जनता कालोनी मे किया गया ।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव ने प्रशिक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया की जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की वस्तु स्थिति , मिशन वत्सल योजना, के अंतर्गत संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ मे देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक तथा अनाथ बालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री कोविद-19 बाल सेवा योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई। साथ ही कोई निसंतान दंपति यदि बच्चा गोद लेना चाहता है तो उसके संबंध में कारा मे पंजीकरण कर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कोई नि संतान दंपति बच्चा गोद ले सकता है । वही वन स्टॉप सेंटर में समस्त प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं मे आश्रय, विधिक , पुलिस, परामर्श, एवं चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाती है । राष्ट्रीय बाल अधिकार द्वारा बालको के विशेष चार अधिकारो , किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के प्रावधानों, बाल कल्याण समिति की कार्यवाहियों तथा किशोर न्याय बोर्ड की कार्यवाहीयों मे बालक की देखरेख एवं संरक्षण की श्रेणी तथा विधि का उल्लंघन करने वाली के श्रेणी , लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं को लैंगिक शोषण से बचाने संबंधी विभिन्न प्रावधानों एव अपराध पर मिलने वाली सजा से अवगत कराया गया।



## दोपहिया अनाधिकृत शोरूम वालों ने फाइनेंसर से मिलकर जमकर उपभोक्ताओं के साथ की ठगी

### दशहरे पर खरीदे गए वाहनों वाले आज भी बिल बीमा एवं सर्विसिंग के लिए हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

दशहरे से लेकर दीपावली तक जरूरत की चीजें खरीदने की परंपरा रही है और हर नागरिक अपनी हैसियत के हिसाब से जरूरतों की चीजें खरीदता है। ऐसा ही तामिया तहसील के अंतर्गत दीपावली पर दो पहिया वाहन खरीदने का चलन बन गया है क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए आवश्यकता है।

बस इसी का फायदा उठाकर दोपहिया वाहन बेचने वालों ने इस क्षेत्र मै दो पहिया वाहन बेचने के लिए अनाधिकृत शोरूम नियम विरूद्ध खोलकर जमकर दोपहिया वाहनों की बिक्री कर ग्राम पंचायत को टैक्स ना देकर हानि भी पहुंचाई और उनके रसूख के आगे पंचायत जो छोटे मजदूर वर्ग से टैक्स वसूलने के लिए ज्यादती करने में पीछे नहीं रहती है, लेकिन पंचायत यहां पर पूरी तरह असहाय ही नजर आई कारण जो भी रहे हो।

अनाधिकृत शोरूम से खरीदे गए वाहन वाले जिस तरीके से ठगे जाते हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन अनाधिकृत शोरूम वालों ने अपने स्वयं के फाइनेंसर जो बैठा रखे है जो मनमाने ब्याज पर फाइनेंस करते हैं साथ ही फाइल चार्ज के नाम पर भी दो पहिया वाहन वाले जमकर ठगे गए फिर बारी आती है। इन अनाधिकृत शोरूम संचालको की जिन्होंने उपभोक्ता जो जमा राशि तो ज्यादा ही करता है लेकिन उसमें भी डंडी मारकर कम पैसा जमा किया जाता है जिसकी रसीद भी नहीं दी जाती है।

इस तरह फाइनेंसर एवं अनाधीकृत शोरुम वालो ने दो पहिया खरीदार से जमकर ठगी की। इसके बाद दशहरे के त्योहार पर जिन्होंने अपने वाहन खरीदे हैं, उन्हें आज तक वाहन खरीदने का बिल तक नहीं मिला है। वे बिल के लिए चक्कर काटते हैं लेकिन अनाधिकृत शोरुम वाले अधिकृत शोरूम के भरोसे है।

जब वो बिल देंगे तब वाहन खरीददार को बिल मिलेगा। ऐसी स्थिति में वाहन का ना तो बीमा हो पा रहा है। यदि स्थिति में कोई वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो जाए तो जिम्मेदार कौन होगा यह तय नहीं हो पा रहा है। इसके बाद उनकी फजीहत पासिंग के साथ-साथ सर्विसिंग के लिए हो रही है कि इन अनाधिकृत शोरूम में कोई सर्विस सेंटर नहीं है और ना ही योग्य मैकेनिक है। इस कारण भी उपभोगता की फजीहत का अंदाजा लगाया जा सकता है। यदि जांच करेंगे तो हर शोरूम पर एक अपना फाइनेंसर बैठा रखा है। यह इसलिए पता चल जाएगा की हर वाहन का इसी फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस हुआ है।

लेकिन ग्रामीण क्षेत्र का भोला भाला उपभोक्ता इन सब फंदे बाजी से अनभिज्ञ है। यदि इन अनाधिकृत शोरूम की जांच कि जाएगी तो उपभोक्ताओं के साथ किस तरह खुली लूट इन अनाधिकृत शोरूम बालों ने फाइनेंसर से मिलकर कि उसका खुलासा होगा, लेकिन आयकर विभाग ऐसा करने में रुचि नहीं रखता क्योंकि अधिकृत डीलर रसूखदार एवं ऊंची राजनीतिक पकड़ वाले हैं। इस कारण किसी प्रकार की जांच होना एवं उपभोक्ता के साथ हुई खुली लूट पर कार्रवाई होना बिल्कुल भी नामुमकिन है।

## दिवाली में निर्बाध विद्युतआपूर्ति, पुलिस की यातायात व्यवस्था से आमजन खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव नगर में बीते तीन दिनों में दिवाली के पवित्र त्यौहार के चलते खासी चहल पहल रही थी। दिवाली के इस त्यौहार के सीजन में विद्युत विभाग की लगातार विद्युत आपूर्ति को लेकर लोगों में संशय बना हुआ था, लेकिन इसके बावजूद इस दफा बीते तीन दिनों तक लगातार विद्युत आपूर्ति विभाग के द्वारा सुनिश्चित किए जाने पर आम जनता और व्यापारियों के लिए अच्छा अनुभव दे गई है।

बिजली विभाग के कर्मठ अधिकारियों के द्वारा व्यक्तिगत प्रयासों से धनतेरस से दीपावली के त्यौहार तक किसी भी तरह से बिजली की ट्रिपिंग नहीं की गई। जिसके कारण शहर में व्यापारियों तथा आम जनता को एक बेहतरीन सुविधा प्राप्त हुई। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जुन्नारदेव वितरण केंद्र के द्वारा नगर में बनाई गई इस नई विद्युत व्यवस्था की चलते ही ट्रिपिंग की समस्या को कुछ हद तक नियंत्रित कर लिया गया है। इसके लिए स्थानीय व्यापारी संगठनों वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा विभाग के प्रति आभार ज्ञापित किया गया है।

### यातायात व्यवस्था में हुआ सुधार, पुलिस एवं नपा के प्रति माना आभार

दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर शहर की सड़कों पर यातायात अस्तव्यस्त हो जाता है। त्योहार के इस सीजन में सड़कों पर आम जनता का चलना भी दूभर रहता था। राहजनी सहित जेबकतरी की कई शिकायत होना आम रहता था। लेकिन पुलिस विभाग एवं नगर पालिका के संयुक्त प्रयासों से इस दफा आम नागरिक एवं व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हुई है। इसके प्रति वरिष्ठ बुद्धिजीवियों एवं व्यापारिक संगठनों के द्वारा दोनों ही भागों के प्रति आभार व्यापित किया गया।

## घर में ताला लगाकर आरोपी गायब, अवैध सागौन शक में मकान सील

### वनविभाग ने आसपास से जब्त की सागौन की सिल्लियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



कल वनमंडल पांढुर्ना के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पांढुर्ना के दल ने ग्राम भूली में एक घर के आजू बाजू से अवैध सागौन चिरान के कुल 14 नग जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। वन विभाग के दल के छापे की भनक लगने के कारण किसना पिता बालकृष्ण कावडकर निवासी ग्राम भूली और उसका परिवार पहले ही घर पर ताला लगाकर कहीं निकल लिए थे।

वनविभाग को शक है कि किसना के घर के भीतर भी अवैध सागौन रखा हुआ है। इसलिए वनविभाग दल ने ग्राम सरपंच, कोटवार एवं पुलिस बल की उपस्थिति में घर के ताले पर दूसरा ताला कर उसे सील कर दिया गया। इस बात की सूचना किसना के भाई और पडोसियों को विधिवत रूप से दी गई है। यह पूरी कारवाई वनमंडल अधिकारी पांढुर्ना सचिन एच के मार्गदर्शन तथा उपवनमंडल अधिकारी प्रमोद चोपडे के निर्देशन में की गई। रेंजर प्रभुराम मुछाला ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर विभाग द्वारा किसना के घर सर्च वारंट जारी किया गया था। इस कारवाई के दौरान रमेश कुमार गौतम एवं वन परिक्षेत्र स्टाफ की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### अवैध शराब कुचीयों के खिलाफ थानेदार से शिकायत

**चांदामेटा / परासिया :** चांदामेटा नगर की गलियां इन दिनों अवैध शराब कुचीयों से गुलजार है । जिसके खिलाफ भाजपा शहरी मंडल उपाध्यक्ष दिलीप ठाकुर ने थानेदार से शिकायत की है । श्री ठाकुर का कहना है , कि शराब ठेकेदार द्वारा नगर के गली मोहल्लों कुचिया दुकाने खुलवाकर शराब पहुंचाई जा रही है । जिससे शराब पीने वालों में इजाफा तो हुआ ही है , वहीं नगर का माहौल भी बिगड़ रहा है । शराब के नशे में लोग गली - मोहल्लों में घूमते हैं और कई लोग उत्पात मचाने से भी बाज नहीं आते हैं । जिसके चलते सभ्य लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है । श्री ठाकुर ने थाना प्रभारी से आग्रह कि है , कि इस मामले में सख्ती से अवैध कुचिया दुकानों पर छापमारी कर दुकाने बंद कराई जाए ।

### सामूहिक दीपोत्सव, गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट महा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

# श्रीराम मंदिर में भक्ति, दीपों और संगीत के रंग में मनी देव दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन चरणों में भक्ति और दीपों का पर्व देव दीपावली, गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट महा महोत्सव सोमवार रात्रि को छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मंदिर परिसर भव्य रूप से सुसज्जित किया गया था और सैकड़ों दीपों की लौ से समूचा क्षेत्र आलोकित हो उठा।कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सत्यधर्म मंडल, श्रीराम मंदिर बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीरामलीला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सायं 6 बजे किया गया। आरती के पश्चात भक्तों ने सपरिवार भगवान श्रीराम के चरणों में दीप प्रज्वलित किए और सामूहिक रूप से गोवर्धन पूजन में भाग लिया।

पूरे मंदिर परिसर में "जय श्रीराम" और "गोवर्धन महाराज की जय" के जयघोष गूंजते रहे। प्रांगण में भूमि पर गोबर एवं रंगोली से भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति स्वप्निल विश्वकर्मा द्वारा तैयार की गई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल सोनी ने बताया कि देव दीपावली भगवान श्रीराम के चरणों में भक्ति, प्रकाश और एकता का प्रतीक पर्व है, जो लोक आस्था और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। ट्रस्ट की ओर से धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा पाँच दीपक लाकर सामूहिक दीप प्रज्वलन की परंपरा निभाई गई, जिससे परिसर दीपों की माला से सज गया।

युवाओं के द्वारा इस अवसर पर प्रांगण में रंग बिरंगी आतिशबाजी भी की गई। ट्रस्ट के सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि रात्रि 9 बजे से श्री श्री मां भगवती देवी जागरण ग्रुप ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों की मधुर ध्वनियों से वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। "जय श्रीराम", "गोवर्धनधारी गिरिधर गोपाल" और "राम नाम की लूट है" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। उन्होंने कहा कि इस पर्व का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में भक्ति, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने बताया कि दिनभर मंदिर परिसर में श्री गोवर्धन परिक्रमा पूजन का आयोजन भी हुआ, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सत्यधर्म मंडल के सदस्यों एवं श्रीरामलीला मंडल के कलाकारों सहित स्थानीय नागरिकों का विशेष योगदान रहा।

## बागड़े परिवार के द्वारा दान की भूमि पर हो रहा निर्माण
# तपोभूमि में हुआ प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाडा द्वारा तपोभूमि में दिवंगत एड़. वासुदेवराव बागडे की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस दौरान धम्म देशना, श्रद्धांजलि सभा, एवं कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सहाँदेवराव गोडबोले ने की,बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में घनश्यामजी फूसे, धर्मपाल देशभरतार,डॉ एन व्ही ढोके,प्रो.प्रदीप बोरकर,चंद्रभान बागड़े,जिला भारतीय बौद्ध महासभा जिलाअध्यक्ष डॉ अशोक भगत,शुभम आहाके,श्रीमती नदाबाई बागड़े,जनार्धन लोखंडे, आनदराव जी नारनावरे,आदि थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए राहुल बागडे ने कहा कि बागडे परिवार की ओर से वर्तमान में एक एकड़ भूमि दान समिति को दी गई है,यहां पर बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए भविष्य में धम्म हाल, बौद्ध संस्कार केंद्र,भिक्षु निवास एवं बहुजन नायकों की प्रतिमाओ की स्थापना की जाएगी, वर्तमान में तपोभूमि में तथागतगौतम बुद्ध की 15 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा का निर्माण कार्य किया जा रहा है।इस दौरान संविधान ज्ञान परीक्षा एवं बोर्ड परीक्षाओं के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम कासंचालन समिति कोषाध्यक्ष\ मुकेश बागड़े,आभार प्रदर्शन एड सरोज दुफारे ने किया, आयोजन में से समता सैनिक दल के जीओसी बाबारावजी चारे,एस.आर शेंडे,डॉ राहुल वाहने,सिद्धार्थ सोमकुंवर,एड विनोद धनराज,अशोक ढोके,एम

## भाजपा कार्यालय में हुआ दिवाली मिलन समारोह



**सौंसर।** भाजपा कार्यालय में दिवाली पर्व के उपलक्ष में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।दिवाली मिलन समारोह का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, जिला भाजपा नेता देवेंद्र गायकवाड, इंदरचंद डागा, वरिष्ठ पत्रकार भाऊराव चौधरी,राजू जायसवाल,नरेंद्र कुकडे के द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर तिलक लगाकर दिवाली मिलन समारोह का शुभारंभ किया गया। आयोजन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारासभी क्षेत्रवासियों ग्रामीणजनों एवं पत्रकार बंधुओ को दीप उत्सव पर की बधाई देते हुए कहा कि प्रेस मीडिया समाज का आईना है,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करने में प्रेस मीडिया की अहम भूमिका रही है।मीडिया के माध्यम से ही समाज में फैली हुई समस्याएं बुराइयां आगे आती है। जिसका समय पर जनप्रतिनिधि या फिर प्रशासन के द्वारा निराकरण किया जाता है।दिवाली मिलन समारोह के दौरान क्षेत्र की खुशी और समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई दीपावली एवं निर्वाण महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में निवास कर रहे सभी 90 दिव्यांग बच्चों के लिया दीपावली महापर्व आपार खुशियां एवं उमंग लेकर आया, जहां सामाजिक संस्था सक्षम द्वारा शुभ दीपावली एवं शुभ महावीर निर्वाण महोत्सव मनाकर विविध यादगार आयोजन किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता बाल ब्रह्मचारी पंडित सुमतप्रकाशजी जैन, विशिष्ट अतिथि जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन एवं डी.एस.पी. यातायात आर. पी. चौबे सम्मिलित हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की। जिनके साथ ब्रह्मचारी चर्चित जैन, गोविंद जैन, शिखर जैन सिंगोड़ी, राकेश जैन कुंडा, वर्धमान जैन, सचिन जैन सहित बड़ी संख्या में जिनशासन सेवक उपस्थित रहे।जिनका आधार फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों सहित संचालिका सरिता पांडे एवं सक्षम के जिला अध्यक्ष महेश किन्थ ने श्रीफल, तुलसी का पौधा एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। सफल आयोजन का संचालन कुशल मंच संचालिका आत्मार्थी वंशिका जैन ने किया।इस अवसर पर बाल ब्रह्मचारी सुमत प्रकाशजी जैन एवं ब्रह्मचारी चर्चित जैन ने दिव्यांग बच्चों के साथ मस्ती भरी पाठशाला लगाई और उनका उत्साह वर्धन किया।

## श्री हनुमान लोक में हुआ गोवर्धन पूजा का आयोजन



**सौसर।** चमत्कारीक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जाम सांवली में गोवर्धन पूजा का पावन पर्व मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अपर कलेक्टर, पांढुर्णा, नीलमणि अग्निहोत्री, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व प्रशासक न्यास सिद्धार्थ पटेल जी, एवं संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा श्री मूर्ति की पूजा अर्चना से हुआ।इसके पश्चात संस्थान की गौशाला में गौमाता की विशेष पूजा-अर्चना की गई और सभी की सुख-समृद्धि, शांति एवं आरोग्यता के लिए प्रार्थना की गई। अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने इस अवसर पर मान मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी गौ-संवर्धन नीति के तहत संस्थान के गौसेवा प्रकल्प को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने गौसेवा प्रकल्प को संस्थान की महत्वपूर्ण प्राथमिकता बताया और इस पुनीत कार्य हेतु शासन व संस्थान के पारस्परिक सहयोग पर विशेष बल दिया।संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में हनुमान लोक के द्वितीय चरण के दृष्टिगत वर्तमान गौशाला को स्थानांतरित करने हेतु संस्थान के आग्रह पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा बजाज तिराहा के समीप 21 एकड़ भूमि के आवंटन के लिए मुख्यमंत्री जी एवं शासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही उक्त आवंटित भूमि पर शासन एवं दानदाताओं के सहयोग से एक सर्वसुविधायुक्त गौसेवा प्रकल्प का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस पावन अवसर पर संस्थान उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकर, ट्रस्टी मनोहर शेलकी, अजय धवले, संजू डवरे, भास्कर गुढ़धे आदि थे।

## सिंगोड़ी में इनामी मढ़ई का आयोजन

**सिंगोड़ी:** दिवाली के तीसरे दिन सिंगोड़ी बस स्टैंड स्थित माल देवबाबा के मडिया में इनामी मड़ई का आयोजन किया गया, इस दौरान अहिरी नृत के लिए दर्जनों टोलिया सिंगोड़ी सहित अन्य गांवों से उपस्थित हुई जिन्होंने एक से बढ़ कर एक नृतो की प्रस्तुति दी जिसका लोगो ने खूब आनंद लिया। आयोजक योगेश यादव ने बताया की विगत कई वर्षों से परंपरा अनुसार यह मड़ई का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य दिवाली के पावन अवसर पर लोगों को एकजुट करना और उन्हें खुशियों का अनुभव कराना था। इस आयोजन से लोगों में आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश भी दिया जाता है। इस दौरान समाजसेवी पवन राव सोनी उप सरपंच इलमन मिस्किनी कन्हैया साहू बंटी पांडे शरद यादव सहित अन्य मुख्य रूप से सामिल रहे।



## पुलिस स्मृति दिवस पर 191 शहीद जवानों को नमन



**पांढुर्ना।** कल पुलिस थाना पांढुर्ना पुलिस में स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश ने 191 शहीद पुलिस जवानों के नाम मंच से लेकर उनका स्मरण किया। सादगीभरे समारोह में शहीद पुलिस और सेना के जवानों को सलामी देकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। एसपी महोदय ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा में लगे पुलिस जवानों की शहादत और बलिदान को हम कभी भूला नहीं सकते। इन्होंने कहा कि वर्ष 1959 में सीआरपीएफ जवानों एक टुकडी लद्दाख के हॉटस्प्रिंग पॉइंट पर तैनात थी। 21 अक्तु की रात्रि में चीनी सैनिकों ने घात लगाकर इस टुकडी पर हमला कर दिया। भारतीय जवानों ने विपरीत परिस्थिति में भी अपनी जान की परवाह ना करते हुए मुकाबला किया। इस हमले में सीआरपीफ के 10 वीर जवान शहीद हो गए। इन 10 शहीदों की याद के रूप में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एडिशनल एसपी नीरज सोनी, अपर कलेक्टर नीलमणी अग्निहोत्री, विधायक निलेश उईके, एसडीओपी बृजेश भार्गव, एसडीएम अलका एक्का, नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छागाणी, जामसांवली मंदिर समिति अध्यक्ष गोपाल शर्मा, थाना प्रभारी अजय मरकाम, रक्षित निरीक्षक अनीता सिवडे, निरी. संध्यारानी सक्सेना, निरी. आकांक्षा सहारे, थाना प्रभारी सौंसर रूपलाल उईके, थाना प्रभारी मोहगांव एबी मर्सकोले, प्रभारी सायबर सेल एसआय अनीता सराठे, रोशनी उईके और अनेक मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## मिस इंडिया जूनियर ग्रैंड फिनाले में नम्रता का चयन



**सौंसर।** कक्षा 11 में अध्ययनरत सौंसर की होनहार छात्रा नम्रता पिता आशीष ठवरे का चयन मिस इंडिया जूनियर ग्रैंड फिनाले के लिए होने पर क्षेत्र में हर्ष है। इस अवसर पर परिजनों व नागरिको ने छात्रा के निवास पर पहुंचकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। नम्रता ठवरे ने अपने परिश्रम और प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया। है। परिजनों व नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं से लोगों द्वारा छात्रा के आत्मविश्वास, लगन और प्रतिभा कि सराहना की। छात्रा नम्रता ने बताया कि 28 सितंबर को नागपुर में मिस इंडिया जूनियर के लिए ऑडिशन हुआ था, इसका रिजल्ट आने पर ग्रैंड फिनाले के लिए चयन हुआ है।

## उकवा मे सार्वजनिक खेर माता मंदीर मंडई से मंडई मेले का दौर शुरू



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** दीपावली पर्व के तीसरे दिन उकवा के प्रसिद्ध सार्वजनिक खेर माता मंदिर मे मंडई का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया जाता है यह मंडई उकवा क्षेत्र की पहली मंडई भराई जाती है इसके बाद सोनपुरी एंव उकवा क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में मंडई मेले का दौर शुरू हो जाता है सार्वजनिक खेरमाता मंदिर मंडई में खेर माता मंडई समिति एवं ग्राम वासियों के द्वारा ग्राम पंचायत उकवा के उप सरपंच शिव शंकर तिवारी एवं सभी पंचो सहायक सचिव की उपस्थिति में गोवारी नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें आसपास के क्षेत्र की गोवारी नृत्य टीमो ने हिस्सा लिया जिनका उत्साह वर्धन करने हेतु पुरस्कार भी रखे गए जिसमें प्रथम आने वाली गोवारी समनापुर की विजेता गोवारी नृत्य टीम को 3001 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया एवं द्वितीय स्थान पाने वाली परसवाड़ा लिंगा की टीम को 2001रु नगद इनाम एवं तृतीय स्थान पाने वाली नृत्य टीम गुदमा को 1001रु नगद ईनाम दिया गया । आज ग्राम सोनपुरी मंडई में भी गोवारी नृत्य का आयोजन रखा गया है जिसमें भी प्रथम आने वाली विजेता टीम को रू5001रु का नगद पुरस्कार दिया जाएगा एवं द्वितीय तृतीय स्थान आने वाली टीमों को भी 3001 एवं रू1001रु का नगद पुरस्कार दिया जाएगा एवं सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

## धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व
# खिलया मुठिया व गायों की पूजा अर्चना कर ग्वालों ने शुरु किया नाच गाना, मंडई मेले का दौर शुरु

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर व क्षेत्र में अन्नकूट व गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घर में गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकृति के साथ ही विभिन्न देवी-देवताओं की आकृतियॉ बनाई और फिर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर गोवर्धन की परिक्रमा कर देश व समाज में खुशहाली का आशीर्वाद मॉगा।



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजभूमि में इंद्र की पूजा बंद करवा दी थी। जिससे क्रोधित होकर भगवान इन्द्र ने ब्रजभूमि में मूसलाधार बारिश कर दी थी। जिससे ब्रजभूमि में रहने वाले नागरिकगण परेशान हो गए थे। जिस पर भगवान श्रीकृष्ण ने पर्वतराज गिरीराज को अपनी अंगुली में उठाकर सभी ग्रामवासियों को उसके नीचे सुरक्षित कर इस आपदा से मुक्ति दिलाई थी और भगवान इन्द्र का मान मर्दन किया था। जिसके बाद से ग्रामवासियों ने पर्वतराज गिरीराज का पूजन करना प्रारंभ कर दिया था। तभी से यह त्यौहार अनवरत रूप से मनाया जा रहा हैं, जिसे अब गोवर्धन पूजा कहते हैं। इस दिन गाय के गोबर से मानवाकार गोवर्धन बनाये जाते हैं। पूजा में धूप, दीप, जल, फल, फूल, खिलेए, बताशे और मिठाई का भोग लगाया जाता हैं, इस दिन इनकी पूजा करने से धन-धान्य और संतान की वृद्धि होती हैं।

इस अवसर पर वार्ड नम्बर 12 में स्थित मॉ शीतला माता मंदिर के पास स्थित आखर मैदान में खिलिया मुठिया की विधि विधान से पूजा अर्चना कर गोवारी समाज के लोगों द्वारा पारम्परिक वेशभूषा में पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं गाय खिलावन की रस्म अदाकर भगवान गोवर्धन का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। जिसकी एक झलक आखर मैदान खिलिया मुठिया देव मंदिर में देखने को मिली। परम्परा अनुसार गोवारी समाज द्वारा आखर मैदान में स्थित खिलिया मुठिया देवता की पूजा अर्चना कर गाय खिलाने की परंपरा निभाई गई। सर्वप्रथम गाय के गोबर से गोवर्धन का पुतला बनाया गया और खिलिया मुठिया देवता की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद गोवर्धन के पुतले के ऊपर से गाय व अन्य मवेशियों को पार करवाया गया। फिर गोबर से तिलक वंदन कर बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर दीपावली पर्व की बधाईयां दी गर्ई। इसदौरान नवजात शिशुओं व बच्चों को गोवर्धन के पुतले पर लेटा कर गोबर से उनका तिलक वंदन कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया।

## तमाशा देखते रहे गश्ती करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी
# युवकों ने मचाया हुड़दंग, जय स्तम्भ चौक पर फोड़े फटाके, चलाए राकेट
### 3 लोगों के वस्त्र जले, एक परिवार ने लिखाई रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

दीपावली का पर्व भाईचारे, सौहार्द्र और मिलन का पर्व होता है। लेकिन नगर के कुछ युवाओं ने इस पर्व को लोगों को डराने का पर्व बना दिया। बीच चौराहे पर फटाके फोडऩा और राकेट को नीचे जमीन पर रखकर उसे आने-जाने वाले लोगों की ओर छोडऩे की उनकी हरकत ने तीन लोगों को परेशानी में डाल दिया और यह सब हुआ पुलिस की नाक के नीचे ठीक जय स्तम्भ चौक पर, जहॉ से पुलिस थाना लगा हुआ है। लेकिन पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपनी ऑखों पर पट्टी बॉधे हुए युवाओं की हरकत को नजरअंदाज करते रहे और जब पीड़ित परिवार रिपोर्ट लिखवाने थाने पहुॅचा, तो पुलिस अधिकारी ही उनसे सवाल जवाब करने लगे।

दीपावली की रात में नगर के संभ्रांत घरों के युवकों और उनके दोस्तों द्वारा जय स्तम्भ चौक पर लगभग 3 घंटे तक हुड़दंग किया जाता रहा। इस दौरान पुलिस की गश्ती वाहन व पुलिस अधिकारी ना जाने कितनी बार जय स्तम्भ चौक से सायरन बजाते हुए गुजरे, लेकिन किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी ने इन हुड़दंगी युवकों को रोकने का प्रयास नहीं किया।

पुलिस विभाग की इस अनदेखी और लापरवाही का परिणाम यह निकला कि रात्रि में इन युवकों द्वारा जला कर फेके जा रहे पटाखों से एक युवक की शर्ट व पैंट जल गई, तो एक गरीब महिला की साड़ी जल गई। महिला की साड़ी जलती हुई देख कर एक युवक ने जब पटाखे फेक रहे युवकों को देख कर फटाखे फेकने व जलाने के लिए कहा, तो युवकों ने उस को ही धमकाना प्रारंभ कर दिया। इन हुड़दंगी युवकों के डर के कारण पीड़ित युवक व महिला ने थाने में रिपोर्ट नहीं लिखवाई और चुपचाप चले गए।

लेकिन रात्रि लगभग 11 बजे जब नगर के जैन घराने का युवक शुभम मोन्टू जैन लालबर्रा रोड की ओर से बाईक से अपनी पत्नि दीक्षा जैन और नन्हें बालक के साथ जय स्तम्भ चौक की ओर से अपने घर जा रहा था। तभी जय स्तम्भ चौक पर देव्हारे की दुकान के सामने से एक युवक द्वारा 2 राकेट को जलाकर उनकी ओर छोड़ दिया गया। यह जलता हुआ राकेट सीधे बाईक पर बैठी हुई दीक्षा जैन के बॉये कंधे से जा टकराया और उनकी साड़ी जल उठी, वहीं एक राकेट उनके नन्हें बच्चे आरव की ऑख के बाजू से जलता हुआ निकल गया। जिससे डर कर बच्चा बेहोश हो गया।

इस घटना की खबर फैलते ही नगर के जैन समाज व अन्य समाज के नागरिकों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान शुभम मोंटू जैन की हुड़दंगी युवकों के साथ जमकर बहस भी हुई। इसके बाद शुभम मोंटू जैन अपनी पत्नि दीक्षा जैन, बच्चे आरव, जैन समाज व अन्य समाज के नागरिकों के साथ पुलिस थाना पहुॅचे। जहॉ पर उन्होंने घटना की लिखित शिकायत पुलिस थाने में दी। जिस पर पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 125 ए के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच में लिया है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता विजेता और उपविजेता का खिताब
# भगतसिंह स्पोर्ट्स अकादमी लांजी के 6 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज लांजी ।





भगतसिंह स्पोर्ट्स अकादमी लांजी के 6 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 17 वर्ष आयु वर्ग में कुश मोहबिया और अमोल सोनवाने ने 69 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रीवा में आयोजित हुई में जबलपुर संभाग की टीम को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

19 वर्ष आयु वर्ग में क्रिष्टि कोठारे, कशिश बरसागड़े, भारती लहरोनिया और भरत यादव ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता गाडरवाड़ा में आयोजित हुई में जबलपुर संभाग की बालिका वर्ग की टीम को उपविजेता और बालक वर्ग की टीम को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भगतसिंह स्पोर्ट्स अकादमी लांजी में ये खिलाड़ी लगातार 4 वर्षों से प्रज्ञात वासनिक के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अकादमी में अलग-अलग विद्यालय के बच्चे विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और अपनी स्किल को मजबूत कर रहे हैं।

अकादमी के सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने भी इस उपलब्धि की सराहना की है और भविष्य में और अधिक संसाधनों की व्यवस्था का आश्वासन दिया है।

# धनतेरस और दीपावली पर सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अलर्ट



### कहीं हुई तो नहीं धोखाधड़ी, खरीदे गये सोना-चांदी और बिलों की जांच कराएं ग्राहक

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर क्षेत्र में सोना-चांदी की खरीददारी करने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण अलर्ट है। बाजार में नकली सोना-चांदी और कम कैरेट वाले आभूषणों की बिक्री के मामले सामने आते रहते हैं और इसके पूर्व ऐसे मामले आए भी हैं। इसलिए ग्राहकों को सावधानी बरतनी चाहिए और केवल विश्वसनीय एवं पंजीकृत ज्वेलर्स से ही खरीददारी करनी चाहिए। पंच महोत्सव दीवाली पर क्षेत्र में भी ग्रामीणों द्वारा सोने चांदी की जमकर खरीदारी की गई। परंतु नगर में कुछ वर्षों से विश्वसनीय नाम का सहारा लेकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले ज्वेलर्स अब भी अपनी पैठ जमाए बैठे हैं और ग्राहको को कम कैरेट और कम शुद्धता वाले आभूषण ऊंचे दामों पर बेच रहे है। जिसका मुख्य कारण इन ज्वेलर्स की दुकानों पर टंका विश्वनीय नाम का बोर्ड.... जो ग्राहको को इस दुकान पर आने के लिये विवश कर देता है। ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे बिना हॉलमार्क वाले आभूषणों की खरीददारी न करें। हॉलमार्किंग सोने की शुद्धता की गारंटी होती है और यह सुनिश्चित करती है कि आभूषण निर्धारित मानकों के अनुसार बनाया गया है।

**ज्वेलर्स संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग:** कुछ ज्वेलर्स संचालकों पर कम कैरेट का सोना-चांदी बेचने का आरोप लगाया जा रहा है। ग्राहकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे ज्वेलर्स संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और दोषी पाए जाने पर उनके लाइसेंस रद्द किए जाएं। कुछ दिनों पूर्व इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद सिंहसार द्वारा भी अपने जारी बयान में कहा गया कि त्योहार की खुशी में लोग अक्सर बिना जांचे-परखे खरीददारी कर लेते हैं, जिससे बाद में नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए हर नागरिक सतर्क रहे और सोना-चांदी खरीदते समय शुद्धता, बिल और हॉलमार्क नंबर की पुष्टि अवश्य करें।

## खबर संक्षेप

### प्रीतमसिंह तिलगांम नगर निरीक्षक ने संभाला थाना केवलारी



**सिवनी।** जिले मे पुलिस विभाग की लगातार हो रही छवि धूमिल से विभाग के आला अफसर परेशान है।सिवनी के पुलिस डकैती कांड के बाद केवलारी-थाना के आरक्षक मनीष पटवा की आम जनो से खुली बसुली से लोकायुक्त शिकंजे मे आरक्षक के आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिवनी ने यहां पदस्थ टी आई शिव शंकर रामटेकर को हटाने के बाद जिला पुलिस कार्या

### छुआछूत और भेदभाव से परेशान है हिंगवानी ग्राम की चमार समाज

**धनोरा।** धनोरा थाना के अंतर्गत आने वाला ग्राम हिंगवानी है जिसकी दूरी धनोरा मुख्यालय से लगभग 9-10 किलो मीटर होगी जहां पर आज भी लोग एक दूसरे से भेदभाव करने का मामला सामने आया है, जी हां हम बात कर रहे है चमार समाज की जो वहां के निवासियों के द्वारा हमेशा से ही दबाया ओर कुचला जाता है, जिससे परेशान हो कर पीड़िता ने थाना धनोरा में आवेदन दिया है जिसमें बताया गया है कि दीपावली के उपलक्ष्य में हर वर्ष यादव समाज के कुछ व्यक्तियों के द्वारा प्रतिवर्ष अपना पारंपरिक नृत्य करते हुए सुबह पूरे ग्राम में घर घर जा कर छांवर मारते है लेकिन प्रतिवर्ष यादव समाज के कुछ व्यक्तियों के द्वारा भेदभाव ओर छुआछूत की भावना रखते हुए ग्राम के सभी घरों में ओर सूअरवाडा (सूअर के रहने वाला स्थान) में छांवर मारने के पश्चात चमार समाज के घरों में छांवर मारने आते है, जब इसका विरोध पीड़िता के द्वारा किया गया तो यादव समाज के कुछ व्यक्तियों के द्वारा पीड़िता को गंदी गंदी गाली दी गई और ओर बोला गया कि जा तुझे जहां शिकायत करना है कर ले हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता है। साथ ही पीड़िता ने बताया कि त्यौहारों में भी चमार समाज के व्यक्तियों को मंदिर से अलग पंक्तियों में बैठाया जाता है और प्रसाद भी दूर से दिया जाता है जिससे चमार समाज के व्यक्तियों को काफी ठेस पहुंची है।

### संतलाल पहलवान ने प्रथम कुस्ती अपने नाम किया

**केवलारी।** खापा ग्राम पंचायत के गांव घरघोंदी मे प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष एकम को दंगल का आयोजन किया जाता है।दिनांक - 21/10/2025 - को ग्राम घरघोंदी में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन दीपावली पर्व के महोत्सव के साथ नरेश मरावी जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस सिवनी के मुख्य आतिथ्य, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रमाशंकर महोबिया, रफीक खान पत्रकार, मुकेश सिंह राजपूत जनपद सदस्य,मोहन धुर्वे पूर्व जनपद सदस्य, मनीष अवस्थी पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, संस्कार तिवारी प्रवक्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अनंतराम जंघेला सरपंच खापा की मौजूदगी में आयोजित हुआ।आयोजन कर्ता समिति के सदस्यों मे गजेंद्र सैयाम, नारायण मर्सकोले सरपंच खरसारू, रामप्रसाद यादव सचिव, साहब लाल उइके उपसरपंच,सेम सिंह उइके संचालन कर्ता, मानसिंह उइके, कन्हैया यादव पूर्व सरपंच, गुमतलाल मर्सकोले , दशरथ सिंह धुर्वे , टीकमसिंह राजपूत, संजय कुमार , रवि सैयाम, उपवास मरकाम, रतन लाल उइके, राधेलाल उइके, कमलसिंह उइके के प्रयासों से प्रतिवर्ष यह पुरातन मलखंम प्रतियोगिता का आयोजन आने बाली पीढ़ी को शारिरिक मजबूती ओर स्वस्थ जीवन का प्रेरणा के उद्देश्य को लेकर आयोजित किया जाता है।इस बर्ष भी प्रथम पुरूस्कार के लिये मैदान मे कुस्ती का खेला नामी पहलवानों मे शिवशंकर सिवनी ओर संतलाल जामुनपानी ने 5 मिनट के समय सीमा मे खेला गया। संतलाल पहलवान जामुनपानी ने प्रथम विजेता का खिताब जीता ।इस मौके पर भारी संख्या मे क्षेत्रीय जनो की उपास्तिथी थी।

### अग्रवाल समाज का अन्नकूट महोत्सव आज

**सिवनी।** जबलपुर रोड लूघरवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन उत्सव 22 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे से मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से भगवान गोबर्धन का सामूहिक पूजन कर भोग लगाया जाएगा।

## गांव गांव देशी अंग्रेजी शराब का अवैध कारोबार चरम पर

# दीवाली में मीठा से ज्यादा शराब बिका

केवलारी

**दीपावली श्रीमाता लक्ष्मी कुबेर की पूजन का सात्विक त्यौहार है ,लेकिन शराब का नशा ने माहौल बिगाड़ा हुआ है।शराब ठेकेदार राकेश साहू का अबैध शराब का कारोवार समुचे केवलारी- थाना क्षेत्र के गांव गांव मे स्थापित हो चुका है।**






पुलिस ओर आबकारी विभाग की मिलीभगत से गांव गांव मे बिक्रेता बनाकर शराब बिकवाया जा रहा है ।आबकारी विभाग की नियमाबली की बात करे तो पलारी ,केवलारी- मुख्यालय का ठेका दुकान संचालित करने का है। लेकिन धन कमाने की लालसा ने ठेकेदार ने गांवों का सामाजिक संस्कृति माहौल बिगाड़ा हुआ है।नयी पीढ़ी को नशा की लत का प्रभाव आसानी से लगा हुआ है।गांवो मे आसानी से उपलब्ध होने के कारण युवा पीढ़ी नशा की आदी हो गई है ।राजकीय राजमार्ग सिवनी मंडला के सिवनी बार्डर मे बसे ग्वारी मे रोड के किनारे गुमठियों मे अबैध शराब का कारोबार सहित गंगाटोला बोथिया, अहरबाडा, छींदा सहित गांव गांव में धड़ल्ले से बिक रही है अवैध देशी अंग्रेजी शराब ओर शासन ने एक ही स्थान पर शराब आसानी से उपलब्ध हो इसके लिए कम्पोजिट नामकरण भी किया हुआ हैं।

### दशकों से एक ही स्थान पर जमे होने के कारण अबैध शराब का व्यापार फैला

वर्षो से केवलारी, पलारी और छींदा क्षेत्र में एक ही आबकारी ठेकेदार राकेश साहू का ठेका होने से अवैध तारीके से गांव-गांव में अपने एजेंट बनाकर अधिक दामों में बेची जा रही शराब। मध्यप्रदेश शासन की रिन्यूअल करने की गलत आबकारी नीति के कारण क्षेत्र मे एक ही ठेकेदार को ठेका लगभग दो दशको से लगातार अवांटित हो रहा है।

### झगरा की दुकान का भी विरोध हुआ लेकिन सेटिंग के आगे सब नत मस्तक है प्रशासन

गरा की दुकान का विरोध वर्ष 2025 का ठेका आवंटित होने के पूर्व 27 मार्च 2025 को हरवंश पुरी झगरा ग्राम पंचायत झगरा ने एसडीएम केवलारी को लिखित पत्र देकर बताया था कि शराब ठेकेदार द्वारा पलारी के ठेका के नाम की दुकान हरवंशपुरी मे खोलने की तैयारी कर रहा है। गांव बाले ओर पंचायत के विरोध के वावजूद ठेकेदार के द्वारा नियम कानून को अपने जेब पर रखकर ठेका चालू कर दिया।

# गोवर्धन पूजा इसका संबंध प्रकृति सम्मान से भी है

### गोवर्धन पूजा का पर्व कन्हैया गो शाला लखनादौन में 2025 को मनाया गया

**भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र देव की पूजा के बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की सलाह दी। इंद्र देव ने इसे अपमान समझा और घोर वर्षा भेजी। तब श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया और सात दिनों तक लोगों, गायों की रक्षा की।**

***गोवर्धन पूजा का महत्व***

गोवर्धन पूजा प्रकृति की पूजा और सम्मान का प्रतीक है। इस दिन गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई जाती है और पूजा की जाती है। अन्नकूट, कढ़ी चावल आदि भोजन तैयार किया जाता है और भोग लगाया जाता है।

***गोवर्धन पूजा की विधि***

गोवर्धन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 44 मिनट से 8 बजकर 17 मिनट तक है। इस दिन गाय-पूजा, चरागाह-सफाई, पर्वत-परिक्रमा की जाती है। गोवर्धन पूजा का पर्व 22 अक्टूबर को कन्हैया गो शाला लखनादौन में 2025 को मनाया गया।

***अतिथि गण उपस्थित रहे***

गजाधर श्रीवास्तव शिक्षाविद मुकेश यादव मीडिया प्रभारी आनंद तिवारी श्री राम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष लखनादौन शिक्षक कैलाश श्रीवास्तव शिक्षक रघुवीर शरण त्रिवेदी यशवंत गोल्हानी (विजय) अधीक्षण यंत्री शशिकांत ओझा शिक्षक श्री राय शिक्षक श्री विष्णु राय,मुरलीधर विश्वकर्मा ,शिक्षक श्री सुरेश गोल्हानी जी, अन्नू पांडे जी ग्रामीण महिलाएं बच्चे भी शामिल रहे।

# पत्थर से टकराकर फिसली बाइक सवार कार्तिक यादव घायल

सिवनी

जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुनगापार गांव के पास मंगलवार शाम बाइक बेकाबू होकर एक पत्थर से टकराकर फिसल गई। हादसे में 34 साल का बाइक सवार कार्तिक यादव घायल हो गया। घायल किसानी कार्य करता हैं। किसान को सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार, कार्तिक यादव केवलारी से मुनगापार की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल कार्तिक यादव को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल स्थित चौकी प्रभारी विनेश बघेल ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना किस कारण हुई।पुलिस ने लोगों से लगातार सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, क्योंकि इस क्षेत्र में वाहनों और लोगों का आवागमन अधिक रहता है। पुलिस का कहना है कि लापरवाही के कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं, जिनसे बचा जा सकता है।

इसी प्रकार सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में बाईपास के समीप देर रात एक सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने पैदल चल रहे एक वृद्ध व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, वृद्ध व्यक्ति बंडोल बायपास से पैदल जा रहा था। बंडोल मोड़ के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मारी। टक्कर से वह जमीन पर गिर गया और उसके हाथ, पैर, सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल वृद्ध की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना कैसे हुई और अज्ञात वाहन चालक कौन था। चौकी प्रभारी विनेश बघेल ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां लोगों और वाहनों का आवागमन अधिक रहता है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह सम्पन्न

सिवनी

, 21 अक्टूबर 2025/जिला मुख्यालय सिवनी स्थित शहीद स्मारक स्थल पर आज 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में विधायक श्री दिनेश राय,नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा तथा एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता ने 01 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 की अवधि में सम्पूर्ण भारतवर्ष में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए 191 पुलिस जवानों की सूची का वाचन किया।साथ ही जिले के 14 शहीद जवानों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद जवानों को नमन किया गया।

पुलिस बैंड द्वारा शोक सलामी दी गई तथा उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उल्लेखनीय है कि पुलिस स्मृति दिवस प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 1959 में हुई, जब लद्दाख के हॉट स्प्रिंग (Hot Spring) क्षेत्र में भारत-चीन सीमा पर 10 भारतीय पुलिस जवान चीनी सेना के हमले में वीरगति को प्राप्त हुए थे।

उनकी शौर्यगाथा और कर्तव्यपरायणता के सम्मान में प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाया जाता है, ताकि देश की आंतरिक सुरक्षा और जनसेवा में पुलिस बल के योगदान को नमन किया जा सके।

## जिला स्तरीय गौवर्धन पर्व कार्यक्रम कारीरात गौशाला में सम्पन्न

सिवनी

21 अक्टूबर 2025/जिला मुख्यालय सिवनी स्थित कारीरात गौशाला में आज गौवर्धन पर्व का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह एवं पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री दिनेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गौसेवक, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक उपस्थित रहे।

अतिथियों ने परंपरागत विधि से गौवर्धन पूजन किया एवं गौवंश को गो ग्रास खिलाकर सेवा, समर्पण और संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर सजीव गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसकी पूजा की गई। गौशाला परिसर में वातावरण भक्ति गीतों, शंखध्वनि और हरि नाम से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम में अतिथियों ने गौशाला में सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो केवल धार्मिक परंपरा ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जैविक जीवनशैली से भी जुड़ी है।

इसी क्रम में पशुपालन विभाग के तत्वावधान में जैविक खेती एवं उन्नत पशुपालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने उपस्थित कृषकों और गौशाला प्रबंधकों को गोमय, गोमूत्र, पंचगव्य आदि उत्पादों के उपयोग से प्राकृतिक खेती करने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटाने एवं पशुपालन को आय के प्रमुख साधन के रूप में विकसित करने की जानकारी दी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि गौवंश हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। गौआधारित जैविक खेती से न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ती है। उन्होंने जिले के सभी कृषकों से गौसंवर्धन एवं जैविक खेती को अपनाने का आग्रह किया।

## सिवनी में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

# लक्ष्मी जी की पूजा के बाद जमकर हुई आतिशबाजी, हर-घर जले दीपक

सिवनी

मुख्यालय सहित जिले भर में दीपावली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव पर्व के दिन सिवनी मुख्यालय सहित जिलेभर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। लोगों ने मिट्टी के दीए, झालर, धान की लाई, सिंगाड़े, मिठाई, इलेक्ट्रानिक सामग्रियों समेत अन्य सामग्रियों की जमकर खरीदी की।

गणेश भगवान एवं लक्ष्मी जी की मूर्तियों की मांग भी ज्यादा देखी गई। जिले के धनोरा, घंसौर, केवलारी, लखनादौन, छपारा, बरघाट, कुरई विकासखंडो के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह लाई, मिठाई, खिलौने की दुकानें सजी रही। ग्रामीण अंचलों में इस बार पटाखा व्यापारियों के लिए ग्राम के बाहर मैदान में फाटकों की दुकानें लगाई।

क्योंकि ग्राम के अंदर फटाका दुकानें रहने से हादसों के संभावना रहती है। वहीं दीपावली के त्योहार को लेकर दुकानों में खासी रौनक देखी गई। इस साल तेज आवाज वाले पटाखों की अपेक्षा कम आवाज वाले फटाके, गुब्बारे, रॉकेट, अनारदाना, चकरी, फुलझड़ी, बच्चों के लिए जमीन पर फेकने वाले फटाके व आकास में फटने वाले पटाखों की मांग ज्यादा रही।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने दीपावली पूजन सामग्री की जमकर खरीदी की। सिवनी मुख्यालय के लोगो के लिए छिंदवाड़ा रोड वाईपास मैदान पर सैकड़ों दुकान लगी जहां पटाखा की खरीददारी की गई। वहीं दीपावली के त्योहार को लेकर गांव में भी खासी रौनक देखने को मिल रही है। लोगों में जोश व उत्साह का माहौल बना रहा। घर के आंगन में मनमोहक रंगोली सजाई गई। शाम से मां लक्ष्मी व गणेश जी की पूजा शुरू की गई।

### मुहूर्त में लोगों ने पूजन किया।

पूजन के बाद लोगों ने पास पड़ोस के लोगो को प्रसाद भेंट किया। और जमकर आतिशबाजी की। वहीं लोगो ने शांतिपूर्ण ढंग से दीपावली पर्व मनाया। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी कई स्थानों में लगाई गई।

## युवक ने घर पर लगाई फांसी

# परिजनों ने कहा अवैध शराब बिक्री केके कारण लोग हो रहे बरबाद, नशे में घटना को दिया अंजाम

**सिवनी।** जिले के धनोरा थाना अंतर्गत आने वाले घटेरी ग्राम में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दीपक डेहरिया उर्फ राजा पिता संतलाल डेहरिया उम्र 32 वर्ष निवासी घटेरी घर पर था और रात्रि में अपने कमरे में गमछे से फांसी लगा ली। सुबह परिजनों ने देखा कि तो युवक फांसी के फंदे पर लटकते मिला। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। और घटनाक्रम की जांच की जा रही है साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया। इस मामले में परिजन राजेन्द्र डेहरिया और घनश्याम डेहरिया ने बताया घटेरी ग्राम में कच्ची अवैध शराब कुछ लोगो द्वारा बनाई जा रही है जिसको पीकर लोग नशे में इस तरह के कदम उठा रहे हैं। यह भी आरोप लगाया कि शराब अधिक पाने के कारण उसने आत्महत्या की है। इसके पहले भी शराब के कारण 2 लोगो की मौत हो चुकी है क्योकि शराब पीकर लोग अपना आपा खो रहे हैं और मौत के घाट उतर रहे हैं। यह भी बताया की शराब बंद करावाने के लिए पुलिस को भी एक वर्ष पहले शिकायत की गई थी और आबकारी विभाग को भी अवगत कराया गया लेकिन इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। आसपास ग्राम के लोग भी घटेरी शराब पीने आते हैं। धनोरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ का कहना है कि सूचना मिली थी जे घटेरी ग्राम में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## अनियंत्रित होकर बाइक नाले में गिरी

# एक ही गांव के 2 युवकों की मौत, 1 घायल नागपुर रेफर

सिवनी

ले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हॉलोन पुल के पास सुबह के समय एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जहां एक बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। इस हादसे में एक ही गांव के दो युवकों की दुर्घटना में मौत हो गई एक अन्य साथी गंभीर अवस्था में घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार घंसौर थाना क्षेत्र केवलारी- कहानी मार्ग स्थित हॉलोन पुल के नीचे मोटरसाइकिल सहित 3 युवक कुछ लोगो को सुबह-सुबह पड़े दिखाई दिए। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल घंसौर पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि दो युवक की मौत हो चुकी थी और एक युवक गंभीर घायल था। मृतकों के शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और घायल को सिविल लखनादौन पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने गंभीर अवस्था देखते हुए उसे सिवनी जिला चिकित्सालय भेजा जहां से उसे नागपुर रेफर कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई और हादसा देर रात हुआ होगा जिस वजह से लोगों का ध्यान पुल के नीचे नहीं गया। तीनों ही युवक घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अगरियाकला के गुगलई ग्राम के बताई जा रहे हैं। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया का कहना है कि सूचना मिली थी कि बाइक हादसे में 2 कई मौत और एक घायल है, मृतकों की पहचान विषित पिता लखनसिंह 25 वर्षीय और आशीष पिता रमेश उइके 22 वर्ष के रूप में हुई है। घायल की पहचान ओमप्रकाश पिता अजब सिंह 22 वर्ष गंभीर रूप में हुई है। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ।

एक ही गांव के तीन युवक जिसमें दो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो जाना और एक जिंदगी और मौत के बीच में जूझ रहा है जिस कारण गांव में दीपावली पर त्यौहार के दिन मातम छाया हुआ है।

## उपार्जन समिति की हुई बैठक

# जीपीएस लगे वाहनों से ही होगा धान का परिवहन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



खरीफ सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियॉ की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 22 अक्टूबर को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, जिला आपूर्ति अधिकारी आरएस ठाकुर, उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ श्री पी जोशी, मंडी इंस्पेक्टर श्री मनोज पटले उपस्थित थे।

बैठक में निर्देशित किया गया कि जिले में अवैध रूप से खरीदी केंद्रो पर विक्रय के लिए लायी जाने वाली धान पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसके लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर बनाये जाने वाले चेक पोस्ट पर सीसी टीवी कैमरे लगाने एवं उनका कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट कार्यालय में रखने के निर्देश दिये गए। सीसी टीवी कैमरे चेक पोस्ट पर ऐसे स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां से धान लेकर आने वाले वाहन पर पूरी नजर रखी जा सके। बैठक में तय किया गया कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान जिन खरीदी केंद्रो एवं संदिग्ध राईस मिलर्स द्वारा गड़बड़ी किये जाने की संभावना रहती है उनके प्रतिदिन के स्टॉक एवं राईस मिल के बिजली बिल खपत का सत्यापन कराया जाएगा। इस दौरान राईस मिल की मिलिंग क्षमता एवं उसके पास उपलब्ध धान का भी सत्यापन किया जाएगा।

बैठक में तय किया गया कि सभी खरीदी केंद्रो पर प्रतिदिन की खरीदी एवं केंद्र के क्षेत्र में उपलब्ध धान का डेटा संकलित किया जाएगा और उससे नजर रखी जाएगी कि खरीदी केंद्र में किसी तरह की गड़बड़ी तो नही की जा रही है। समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान के परिवहन में लगे सभी वाहनों पर अनिवार्य रूप से जीपीएस लगा होना चाहिए। जिन वाहनों में जीपीएस नही लगा होगा उनका धान परिवहन में उपयोग नही किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले बड़े रकबे के किसानों के खेत में लगी धान फसल का सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन का यह कार्य शीघ्र ही राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा किया जाएगा।

# गौशाला में हर्षोल्लास से मनाई गई गोवर्धन पूजा

## जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने किया पूजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**





जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भूतना के श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में आज पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया।गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक पूजा कर समृद्धि और सुख-शांति की कामना की।गौमाता की आरती एवं परिक्रमा के साथ वातावरण भक्तिमय बन गया।ग्राम समूह के द्वारा बने भोजन,पकवान,विशेष खिचड़ी,गुड चना प्रसाद को गौमाता को खिलाया गया।बाजा-गाजा के साथ राउत दोहा पर ग्रामीण नृत्य करते दिखे।गौशाला में लगभग 85 नग से अधिक मवेशी हैं।कुछ क्षेत्रों में आज गोवर्धन पूजा की जा रही है तो कुछ क्षेत्रों में तिथि विशेष आधारित कल गोवर्धन पूजा की जाएगी।ग्राम भूतना में आज सुबह से ही गोवर्धन पूजा को लेकर ग्रामीणों में एक अलग उत्साह और जोश था। ज्ञात हो कि बिरसा जनपद में केवल ग्राम पंचायत भूतना में ही गौशाला है।यहां पर मवेशियों की देखरेख अच्छे से होती है।उनके खान पान पर विशेष ध्यान दिया जाता है।ग्रामीणों के द्वारा इन्हें चराने के लिए अलग अलग टीम बनाकर समय निर्धारित कर लिया गया है।आज गोवर्धन पूजा के इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिरसा के अध्यक्ष सविता धुर्वे,उपाध्यक्ष हेमंत साहू सरपंच प्रेमबती मेरावी और ग्रामीणों के द्वारा पूजन अर्चन कर गौमाता को खिलाया गया।बाद में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।अध्यक्ष सविता धुर्वे के द्वारा ग्राम के समूह को इसी प्रकार अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति में प्रकृति,गौवंश और किसान जीवन के सम्मान का प्रतीक है।इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।आज इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिरसा के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,ग्राम पंचायत भूतना सरपंच के साथ खंड पंचायत अधिकारी डी एस परते,पशु चिकित्सक डॉ राजेश शेंडे,ग्राम पंचायत भूतना के सचिव राजेंद्र धुर्वे,मोबाइलाइजर,सोनघाघरा आजीविका समूह अध्यक्ष कांता मरकाम,सचिव कविता शरणागत,झाड़ूलाल यादव,चंदरलाल यादव,अमित शरणागत, रूपलाल,लोचन शरणागत,हौसीलाल सहित समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# ई-अटेंडेंस नही लगाने वाले शिक्षकों पर होगी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शिक्षकों की ई-अटेंडेंस की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत की जाए और ई-अटेंडेंस नही लगाने वाले शिक्षको पर कार्यवाही की जाए। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को निर्देशित किया गया कि 25 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय में आयोजित रोजगार मेले का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें और इसमें अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाए। जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नहरों की साफ सफाई कराएॅ और रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की तैयारी करें।सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। जिन विभागों की ग्रेडिंग में गिरावट आयी है उनके अधिकारियों एवं सबसे निचली पायदान के तीन विभागों के अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। वारासिवनी एसडीएम को ग्राम अंसेरा एवं बैहर एसडीएम को ग्राम भंडेरी में विद्युत उपकेंद्र निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। सहायक संचालक उद्यान को निर्देशित किया गया कि उद्यानिकी फसलों का क्लस्टर डेवलपमेंट प्लॉन तैयार कर प्रस्तुत करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रकरणों में ऋण वितरण शीघ्रता से कराए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पूर्ण हो चुके नल-जल योजनाओं में घरों में नल कनेक्शन देने एवं उनके आधार कार्ड की पोर्टल पर एंट्री का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें। अक्षय ऊर्जा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अनुदान पर सोलर पम्प लगाने की योजना का अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें।

# बेटे ने पिता की बांस से पीट-पीटकर कर दी हत्या



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में काम नहीं करने पर डांटने से नाराज बेटे ने अपने पिता की बांस से पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना मलाजखंड थाना क्षेत्र के भड़गांव में हुई। पुलिस ने बुधवार को सूचना मिलने के बाद एफएसएल टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, मृतक धनीराम मेरावी (55) अकसर अपने बेटे कृष्णा मेरावी को घर और खेत में काम नहीं करने पर डांटा करते थे। गत दिवस भी पिता ने इसी बात को लेकर बेटे को फटकारा था। इससे नाराज होकर कृष्णा मेरावी ने घर में रखे बांस के डंडे से पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मृतक धनीराम मेरावी का शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए मलाजखंड अस्पताल भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मलाजखंड थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपी बेटे की तलाश में दबिश दे रही है।

# पूजा के दीपक से जली फल दुकान, हजारों रूपये का नुकसान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के बस स्टैंड पर दीपावली की रात एक फल की दुकान में आग लग गई। यह आग दुकान में पूजा के लिए जलाए गए दीपक से लगी, जिससे दुकानदार को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

नगर के वार्ड नंबर 10, पुराना मटन मार्केट निवासी धर्मेंद्र पिपरा पिछले कई वर्षों से बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप के पास टीन के ठेले पर फल की दुकान चलाते हैं। दीपावली की रात दिनभर दुकानदारी करने के बाद रात करीब 9 से 10 बजे के बीच उन्होंने दुकान में माता लक्ष्मी की पूजा की। पूजा के बाद जलते हुए दीपक और अगरबत्ती को दुकान के भीतर ही छोड़कर वे दुकान बंद कर घर चले गए।

कुछ देर बाद दुकान से हल्का धुआं उठते देख लोगों को लगा कि यह अगरबत्ती या दीपक का धुआं होगा। हालांकि, थोड़ी देर बाद आग की लपटें उठने लगीं। आग ने दुकान के भीतर रखे फल, कुछ नकदी, पानी की केन और बैटरी सहित अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया।

दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही दुकानदार धर्मेंद्र पिपरा और उनके परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इसी बीच, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरजीत सिंह ठाकुर भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल नगर पालिका फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया।

पीड़ित दुकानदार धर्मेंद्र पिपरा ने बताया कि आगजनी से उन्हें हजारों रुपए की क्षति हुई है। यह घटना बस स्टैंड पर पेट्रोल पंप के समीप हुई, जिससे आग के बड़े पैमाने पर फैलने का खतरा था, जिसे फायर ब्रिगेड ने टाल दिया।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 22 अक्टूबर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि भावांतर योजना के लिए जिले के सोयाबीन फसल लगाने वाले सभी किसानों का समय सीमा में पंजीयन सुनिश्चित करें। इसी प्रकार समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी उपार्जन के लिए इन फसलो को लगाने वाले किसानों का समय सीमा में पंजीयन किया जाए। शासन की नीति के अनुसार भविष्य में बालाघाट जिले में मिलेट फसलों का रकबा बढ़ाया जाना है। अतः कोदो कुटकी की फसल लगाने वाले किसानों को शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। किसानों को कोदो एवं कुटकी के प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की जानकारी दी जाए। कोदो कुटकी लगाने वाला कोई भी किसान पंजीयन से वंचित नही रहना चाहिए।

इस दौरान उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि भावांतर योजना के लिए सोयाबीन उत्पादन करने वाले 34 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। जिले में 2214 किसानों द्वारा 2150 हेक्टेयर क्षेत्र में कोदो कुटकी की फसल लगायी गई है। कोदो कुटकी के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 05 केंद्रो पर किसानो का पंजीयन किया जा रहा है। किसानो का पंजीयन 24 अक्टूबर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रबी फसलों के लिए जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण कर लिया गया है। जिले में वर्तमान में 4500 मीट्रिक टन यूरियॉ, 2800 मीट्रिक टन डीएपी, 1450 मीट्रिक टन एनपीके एवं 2450 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है।

कलेक्टर श्री मीना ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी के अंतर्गत सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के राईस मिलर्स एवं धान व्यापारियों के स्टॉक का शीघ्रता से सत्यापन करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। धान के अवैध परिवहन पर नजर रखने के लिए चेक पोस्ट पर निगरानी बढाई जाए। समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान किसी भी व्यापारी, राईस मिलर्स या बिचौलिये का धान विक्रय के लिए नही आना चाहिए।



### त्यौहारों के बाद भी खाद्य विभाग नियमित रूप से करेगा प्रतिष्ठानों की जांच

बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की केवल त्यौहारों के समय ही नहीं बल्कि नियमित रूप से जांच की जाए। जांच के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता, शुद्धता एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम का पालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच की जाए। मिलावट युक्त खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले एवं स्वच्छता का ध्यान नही रखने वाले विक्रेताओं के लायसेंस निरस्त करने के निर्देश दिये गए। ईट-राईट कैम्पेन के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल एवं जिला चिकित्सालय तथा जनजाति कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के छात्रावासों को शामिल करने के निर्देश दिये गए। इन संस्थाओं में मरीजों एवं छात्र छात्राओं को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सुनिश्चित की जाए। नगरीय क्षेत्र बालाघाट में संचालित चौपाटी को भी ईट-राईट कैम्पेन में शामिल करने के निर्देश दिये गए।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना की सफलता की कहानी



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** परियोजना किरनापुर अंतर्गत आने वाली ग्राम आमगांव की लाभार्थी महिला श्रीमति भित्ता पति अनुज पांचे ग्राम आमगाव की निवासी है। जिनकी बेनिफिसरी आईडी 207090449 है। इन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत प्रथम गर्भावस्था में पांच हजार रुपये की राशि एवं द्वितीय बालिका जन्म पर छः हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिस पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहां कि इस योजना की जानकारी मुझे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विनीता मेश्राम द्वारा दी गई थी। कि हमारे विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना चल रही है जिसमें प्रथम बार गर्भवती होने वाली महिला को पांच हजार रूपये की राशि दी जाती है, जिसमें प्रथम जनि किश्त तीन हजार एवं शिश जन्म पश्चात दो हजार रुपये की राशि प्रदाय की जाती है। मेरे द्वारा इस योजना के तहत फार्म भरा गया और मुझे पांच हजार तथा द्वितीय बालिका होने पर मुझे छः हजार रुपये की राशि मेरे खाते में प्रदाय की गई। मेरे द्वारा इस राशि का उपयोग गर्भावस्था के द्वारान पूरक पोषण आहार एवं बच्चे के स्वास्थ्य पर खर्च किया गया। उन्होने प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए कार्यालय परियोजना अधिकारी, क्षय महिला बाल विकास विभाग किरनापुर जिला बालाघाट एवं सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# यात्री बसों में निर्धारित किराये से अधिक किराया वसूले जाने पर शिकायत के लिए नम्बर जारी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** त्यौहारों के सीजन में भोपाल एवं इंदौर की बसो में यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने की शिकायतों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा यात्री बसों में निर्धारित किराये से अधिक किराया वसूले जाने पर शिकायत के लिए मो.न. जारी किये गए है। यात्री इन मो.न. पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि लंबी दूरी की बसों में निर्धारित से अधिक किराया लिए जाने पर यात्री जिला परिवहन कार्यालय बालाघाट में शिकायत कर सकते हैं, उनकी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि बालाघाट से भोपाल सुपर लग्जरी एसी बस का किराया 1120 रुपये, बालाघाट से इंदौर सुपर लग्जरी एसी बस का किराया 1583 रुपए, बालाघाट से भोपाल स्लीपर बस का किराया 896 रुपये एवं बालाघाट से इंदौर स्लीपर बस का किराया 1267 रुपये निर्धारित है । इससे अधिक किराया लिए जाने पर बस संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने पर यात्री प्रमोद कुमार उइके के मोबाईल नं. 9301990393, जितेन्द्र कटरे के मो.न. 8871700936 या भूपेंद्र नारनौरे के मो.न. 7489530837 पर शिकायत कर सकते हैं। शिकायत प्राप्त होते ही परिवहन विभाग बस संचालक के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

# जिले में बनाये गये 13 लाख 33 हजार 132 आयुष्मान कार्ड

**बालाघाट।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड धारक व्यक्ति को एक साल में 05 लाख रुपये तक का निःशुल्क ईलाज इस योजना में अधिकृत अस्पतालों में दिया जाता है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में बालाघाट जिले में इस योजना के अंतर्गत पात्र सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले को 13 लाख 22 हजार 342 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध जिले में अब तक 13 लाख 33 हजार 132 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जो कि निर्धारित लक्ष्य का 101 प्रतिशत है। जिले में पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य एक अभियान के रूप में किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत खाद्यान्न पात्रता पर्ची धारक, संबल योजना से जुड़े लाभार्थी, भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल के पंजीकृत श्रमिक, पीएम जनमन अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका, 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं।

## मामला नरोड़ी सचिव के साथ ठेकेदार द्वारा मारपीट का

# ठेकेदार पर कार्यवाही नहीं तो कलम बंद काम बंद हड़ताल होगी

## सचिवों व रोजगार सचिवों ने एसडीएम व एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत नरोड़ी में कार्यरत सचिव संजय पंचभाये के साथ नल जल योजना के ठेकेदार द्वारा मारपीट के मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। इस मामले में अब मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत सचिव/सहायक सचिव संगठन जनपद पंचायत वारासिवनी ने भी अपना दखल दे दिया है। सचिव के साथ ठेकेदार द्वारा की गई मारपीट को लेकर बुधवार को जनपद पंचायत भवन के सभा कक्ष में सचिव व रोजगार सहायकों की एक बैठक हुई। इस बैठक में नरोड़ी सचिव संजय पंचभाये के साथ ठेकेदार द्वारा की गई मारपीट व दुव्र्यहार को लेकर सचिवों व रोजगार सहायकों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया और ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही नहीं होने पर कलम बंद काम बंद हड़ताल करने का निर्णय लिया।

बैठक के बाद सभी सचिव व रोजगार सहायकों ने एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में उन्होंने सचिव संजय पंचभाये के साथ घटी घटना का विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि 20 अक्टूबर को पुलिस थाने में शिकायत करने पर पुलिस द्वारा बीएनएस की सामान्य धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उनका कहना था कि नल जल योजना का कार्य करने वाले ठेकेदार शैलेन्द्र पटेल द्वारा अधूरे कार्य की एनओसी हासिल करने के लिए सचिव पर दबाव बनाया जा रहा था और इस मामले को लेकर कई बार पंचायत कार्यालय में सचिव के साथ अभद्र व्यवहार किया जा चुका हैं और उसके बाद इसी मामले को लेकर 20 अक्टूबर की सुबह लगभग 11 बजे सचिव संजय पंचभाये के घर के सामने ठेकेदार द्वारा उनसे मारपीट की गई। उस दौरान उनके साथ उनकी 8 वर्ष की नन्हें बच्ची भी थी। जिससे ठेकेदार के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा से संबंधित धारा भी लगनी चाहिए थी, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया है।




**ठेकेदार को तत्काल गिरफतार कर कार्यवाही करने की मॉग:** सचिव संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम से मॉग की हैं कि वह ठेकेदार को तत्काल गिरफ्तार करवाए और उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करवाए। जिस पर एसडीएम श्री जायसवाल ने मामले की जॉच करवा कर उचित कार्यवाही करवाने का आश्वासन देते हुए सचिव व रोजगार सहायकों से एसडीओपी वारासिवनी से मिलने की सलाह भी दी।

**एसडीओपी को भी सौंपा ज्ञापन:** जिसके बाद सभी सचिव व रोजगार सहायक गोलीबार चौक स्थित एसडीओपी कार्यालय पहॅुचे। जहॉ पर उन्होंने ज्ञापन सौंप कर ठेकेदार पर कार्यवाही की मॉग की। वैसे इस मामले में पुलिस द्वारा जो धाराएॅ ठेकेदार के खिलाफ लगाई गई हैं, वह सभी जमानती धाराएॅ है, लेकिन अभी तक धारा लगाने के लिए कोई कार्यवाही पुलिस द्वारा नहीं की गई है। इसीलिए सचिव व रोजगारों में आक्रोश पनप रहा है। उन्हें लग रहा हैं कि पुलिस द्वारा ठेकेदार का पक्ष लिया जा रहा हैं और उसे जानबूझकर छूट दी जा रही है।

बैठक व ज्ञापन देने के दौरान सचिव व रोजगार सचिव संघ के लिखनलाल ठाकरे, संजय पंचभाये, रामेश्वर खोब्रागडे, धमेन्द्र सोनवाने, धनलाल मात्रे, देवकरण पटले, देवेन्द्र भीमटे, रमेश इंदुरकर, उर्वी कावरे, संगीता गजभिये, रवि प्रकाश लिल्हारे, ठाकुर प्रसाद नगपुरे, मदनलाल, दुर्गा शंकर बनकर, गायत्री गोस्वामी, नरहरसिंह राजपूत, सुखचंद ठाकरे, जहीर मोहम्मद शेख, कोमेन्द्र बिसेन, ओमकार पारधी, एफ एल मोहेश्वर, युवराज बिसेन, रतिराम जैतवार, भोजलाल पारधी, झनकलाल बिसेन, नरेश मेश्राम, हुडक्रीराम चुन्ने, चतुर्भुज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पुलिस विभाग से सामंजस्य बैठाल कर होगी कार्यवाही- कार्तिकेय जायसवाल

### इनका कहना है

पंचायत के सचिव व रोजगार सहायक संघ के सदस्यगण मिलने व ज्ञापन देने के लिए आए थे। उनका कहना था कि ग्राम पंचायत नरोड़ी के सचिव के साथ नल जल योजना के ठेकेदार द्वारा अभद्रता व दुव्र्वहार किया गया है। जिससे वह परिवेदित थे। हमने उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है साथ ही उन्हें एसडीओपी से मिलने की सलाह भी दी है। जिससे सब मिलजुल कर जो भी उचित कार्यवाही होगी, वह करेगे।